तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



11 जर्जर खुर्सीपार-निकुम सड़क में रोपा लगाकर ...





10 जिला शिव सेना का विस्तार किया गया





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन

cgiti.admissions.nic.in

बी.एम. आई.टी.आई.

- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

अंतिम तिथि-18/07/25


## शिक्षा का नया रंग : अब विषयों को मल्हार व संतूर के नाम से पढ़ेंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

इस बार सरकारी स्कूलों की पढ़ाई में बच्चों को किताबों के नाम से नहीं, बल्कि संगीत और भावनात्मक शब्दों की मधुरता से रूबरू कराया जाएगा। पहली से छठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक पुस्तकों के पारंपरिक नामों को बदल दिया गया है। अब हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत और विज्ञान जैसे विषयों को नए सांस्कृतिक नामों से पढ़ाया जाएगा। शिक्षा विभाग की इस अनूठी पहल के तहत — हिंदी को अब 'मल्हार' और 'वीणा', अंग्रेज़ी को 'मृदंग' और 'संतूर', संस्कृत को 'दीपकम', जबकि विज्ञान को 'जिज्ञासा' के नाम से जाना जाएगा।,यह अभिनव प्रयोग बच्चों की किताबों के प्रति रुचि बढ़ाने और विषयों से भावनात्मक जुड़ाव पैदा करने के उद्देश्य से किया गया है। इन नामों में भारतीय सांस्कृतिक विरासत, संगीत और जिज्ञासा की भावना को समाहित किया गया है, जिससे विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति उत्साह और कल्पनाशक्ति को बल मिलेगा।

शिक्षाविदों और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल अध्ययन को रचनात्मक बनाएगा, बल्कि विषयों को बोझ की बजाय आनंद का माध्यम बना देगा।छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों में यह नवाचार नई शैक्षणिक चेतना की लहर लेकर आएगा।

**हिंदी को मल्हार व वीणा, अंग्रेज़ी को मृदंग व संतूर तथा संस्कृत को दीपकम के नाम से पढ़ाया जाएगा**





### खबर संक्षेप

### कार-बाइक में टक्कर बाल-बाल बचे चालक



**बालोद।** अपने कार के माध्यम से जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद आ रहे एक वरिष्ठ अधिवक्ता का कार लापरवाह बाईक चालक के कारण हादसे का शिकार हो गया। हालांकि हादसे में किसी को चोट नही लगी लेकिन कार और बाईक दोनो ही क्षतिग्रस्त हो गए। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जमरूवा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता सेवंत साहू सोमवार को अपनी कार के माध्यम से जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम जगतरा के पास कार के आगे चल रहे एक लापरवाह बाईक सवार युवक ने बिना एंडीकेटर या संकेतक दिए अचानक बाईक मोड़ दी जिसके पीछे चल रहे अधिवक्ता ने बाईक चालक को बचाने के प्रयास मे कार मे तुरंत ब्रेक लगाया। जिसके बाद भी कार ▶▶| शेष पेज 10 पर

**पर्व**

## शक्तिपीठ और शिवालयों में श्रद्धालु और शिवभक्त कांवरियों का सुबह से मेला

### शक्तिपीठों और मंदिरों में त्रिकाल आरती में भक्तों का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में सावन का महीना लगते ही जिला मुख्यालय सहित आसपास के दार्शनिक स्थलों में काँवरिया और दर्शनार्थियों की भीड़ जुटने लगी है, जिसके तहत सावन के पहले सोमवार को मंदिरो में भगवान शंकर की पूजा पाठ मे लोग सुबह से लगे रहे तथा मंदिरो मे विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इन जगहों पर बहुत ही ज्यादा भीड़ भोले के भक्तों की लगी रहती है। सावन का महीना शिव भक्तों के आस्था और विश्वास का महीना होता है, इस महीने में प्रत्येक सोमवार को उपवास रख कर शिव जी आराधना करते है, जो शिव भक्तों के आस्था का प्रतीक माना जाता है, वहीं बहुत से शिव भक्त काँवर से जल लेकर विभिन्न शक्तिपीठों पर जल शिव जी को अर्पित करते है, वहीं बहुत काँवरिया गंगाजल से शिव जी का जलाभिषेक करते है और शक्ति पीठ का जल एकत्रित कर घर घरों में रखते है, सभी लोग अपनी आस्था के अनुसार भोले के भक्ति में महीने भर ▶▶| शेष पेज 10 पर



### सती माता ने का सीता रूप धारण किया

यह मंदिर जिले के प्रमुख मंदिरों में से एक है, जो जिलामुख्याल से 22 किलोमीटर दूर नारागाँव के जंगल पर स्थित है, जिसका नाम सियादेवी त्रेतायुग की गाथाओं का प्रमाण है, जो एक दंडकारण्य वन है जहाँ पर सीता माता के वियोग में भटक रहें राम लक्ष्मण का परीक्षा सती माता ने अपना देह त्याग कर सीता रूप धारण कर लिया था। इसलिए इस मंदिर का नाम सियादेही पड़ा। वहीं इस लीला में भगवान राम ने सती माता के असली रूप को पहचान लिया। यहाँ पर शिव, पार्वती, गणेश, सतीमाता, राम, लक्ष्मण, लव कुश, हनुमान की मूर्ति स्थापित है, जो लोगों के आस्था और विश्वास का प्रतीक है, जहाँ दर्शनार्थियों की भी हमेशा लगी रहती है।

### भोला पठार का इतिहास

छत्तीसगढ़ का कौशल भोला पठार ग्राम परेंगुड़ा आदिकाल से दंडकारण्य क्षेत्र में स्थित भोला पठार संत महात्माओं के अनुसार तपोभूमि हैं पौराणिक दृष्टिकोण से भी इस स्थान का अपना महत्व है यहां आज भी पत्थरों का ढेर इस बात का प्रमाण है, प्राचीन काल में यहां विशाल बरगद का पेड़ था। जहां पर आज भी भोलेनाथ की मूर्ति विराजमान है, त्रेतायुग में विद्यमान है जब भगवान शंकर कैलाश से सिहावा पर्वत पहुंचे माता सती भी उनके साथ थी। तभी भगवान शिव के द्वारा मना करने पर भी भगवान राम की परीक्षा लेने के लिए तत्पर हो गई और परीक्षा हेतु आगे बढ़ी। शिव जी इस पठार पर बैठकर नजारा देखने लगे इसलिए इस शक्ति पीठ का नाम भोलपठार पड़ा। जहाँ शिव भक्तों की भीड़ सावन के महीने में लगती है। जिले मे स्थित जलेश्वर महादेव और कपिलेश्वर महादेव मंदिर जो नगर वासियो सहित ग्रामीण अंचलो के लिए आस्था का प्रतीक है, जहां सावन के महीने मे शिव भक्तो का ताता लगा रहता है, जहां सावन मे प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओ की भीड़ जलअभिशेक और विधि विधान से पूजा पाठ करने पहुचते है।

## फांसी लगाकर दो युवकों ने की आत्महत्या, कारण अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

घर से रात का भोजन कर निकले युवक का शव सुबह ग्राम के शीतला मंदिर के दरवाजे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। जिसके बाद परिजनो के साथ ग्रामीणो मे दहशत में छा गया। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुदा थाना क्षेत्र के ग्राम परसवानी में यह मामला सामने आया है।

जहां पर गांव की शीतला मंदिर में ही एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रात की बताई जा रही है। जहां सुबह गांव के बैगा द्वारा जब सुबह की पूजा पाठ और साफ सफाई के लिए शीतला मंदिर पहुंचे तब युवक का शव मंदिर के मुख्य दरवाजे मे फांसी के फंदे में लटका मिला। जिसके बाद उन्होने इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणो के साथ परिजनो को दी। जिसके बाद परिजनो के साथ अन्य ग्रामीण मंदिर में पहुचे जहां पुलिस के आने के बाद पुलिस द्वारा शव ▶▶| शेष पेज 10 पर

### युवक का शव पेड़ पर लटका मिला पुलिस जांच में जुटी

**बालोद।** घर से दूर रहकर काम करने वाले युवक का ग्राम आने के दो दिन बाद ही ग्राम के खेत के मेड़ पार स्थित पेड़ में फांसी के फंदे मे शव लटका मिला। जिससे ग्रामीणो के साथ परिजनो में शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम बनगांव मालीपोरी में 19 वर्षीय युवक लोकेन्द्र कुमार चुरेन्द्र ने गोंदली अपासी नाली बनगांव के पास खेत के मेड़ मे स्थित पेड़ में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार युवक गांव से बाहर रहकर काम करता था तथा दो दिन पहले ही वह अपने काम से छुट्टी लेकर अपने ग्राम स्थित घर आया हुआ था। जहां रात का भोजन करने के बाद युवक बाहर घुमने के लिए निकला था। घुमने निकला युवक देर रात तक वापस घर नही आया। सुबह परिजनो ने युवक को घर मे नही पाया तो आस पास खोजबीन शुरू की। इसी दौरान ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खाद की किल्लत पर जमुमो ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा/डौंडी

धान की रोपाई के लिए डीएपी, यूरिया खाद उपलब्ध न होने से सेवा सहकारी समिति कोटगांव में अनेक किसान परेशान हैं। धान की रोपाई के समय डीएपी, यूरिया का प्रयोग लाजमी है।

इसके न मिलने से अनेक किसानों की धान की रोपाई का काम रुक गया है। इस संदर्भ में किसानों ने बताया कि बाजार में कई दुकानदारों के पास डीएपी यूरिया खाद तो है लेकिन वे इसे चोरी छुपे केवल उन किसानों को ही बेच रहे हैं जो डीएपी खाद के साथ कीटनाशक व खरपतवार नाशक दवाएं लेने को तैयार होता है। उनका कहना था कि ऐसी कृषि दवाओं के मनमाने रेट डीएपी के ग्राहक किसानों पर थोंपे जाते हैं। दवा लेने को किसान तैयार नहीं होता तो ऐसे दुकानदार डीएपी देने से साफ तौर पर मना कर देते हैं।

सेवा सहकारी समिति कोटगांव के अंतर्गत गांव रेहची, झींका, खपरी, कोटगांव, खेरुद आते हैं, खेत की रकबा 1183 हेक्टेयर होता है, किसानों जनसंख्या 1050 होना बताया गया, किसानों ने खाद लेने के लिये रविवार छुट्टी के दिन भी सुबह से किसान लाईन लगा कर खाद के लिए गेट के बहार इंतजार कर रहे थे, सोमवार को किसानो भीड़ अत्यधिक हो गया, किसान अपने खेत के लिए यूरिया खाद मिल सकेगा यह आस लगाए दो दिनों से सुबह से डटे हुए हैं। समिति प्रबंधक ने बताया एक एकड़ में पीछे एक बोरी एरिया खाद दे पा रहे हैं। क्योंकि पहले 1100 नग बोरी आया था अभी वर्तमान 500 बोरी यूरिया भेजा गया, इनको वितरण कर रहे है। किसानों को पर्याप्त मात्र में खाद नहीं मिल पा रहा है उनकी जानकारी मांग उच्च अधिकारी को कर चुके हैं।

**कोटगांव में डीएपी-यूरिया की भारी किल्लत किसान परेशान**



**डीएपी-यूरिया की भारी किल्लत ...**



**डौंडी।** जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के बेनर तले किसानों को खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ब्लाक इकाई डौंडी में दुर्गा मंच के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर शहीद कॉमरेड शंकर गुहा नियोगी, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीदे आजम भगत सिंह के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नारे बाजी के साथ रैली के माध्यम से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया की किसानों को अतिशीघ्र खाद वितरण किया जाए। आज के धरना प्रदर्शन के



कार्यक्रम में उपस्थित साथियों ने मंच पर भाषण के माध्यम से सरकार द्वारा किसानों के साथ कर रहे मनमानी, अच्याचार के विरोध में अपने अपने विचार रखे गए। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में तुलसी राम मरकाम, बालू राम, रामस्वरूप, भवरसिंह, रामबिलास, बजनाथ गावड़े, मनीत राम, सागर, मिलाप उसेंडी, बुलंद दुग्गा, महाजन, शंभू यादव, कसूद, पवन, हेमलाल, खम्मन भागीरथी सहित सैकड़ों किसान एवं जन मुक्ति मोर्चा के कॉमरेड साथी उपस्थित थे।







अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI DAGANIA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

- ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
- C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

89595-93937 • 89595-44444


### बिजली दर वृद्धि का लेकर विरोध कांग्रेस का 16 को प्रदर्शन

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ में सर प्लस बिजली होने के बावजूद भी भाजपा सरकार द्वारा विद्युत कटौती किया जा रहा है, जिससे किसान,जवान, विद्यार्थी एवं आम जनता परेशान है। बिजली कटौती के बाद भी बीजेपी सरकार राज्य में चौथी बार फिर आम जनता के जेब में डाका डालने का प्रयास करते हुए बिजली की दरों में बेतहादसा वृद्धि कर रही है जिसके तहत घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर घरेलू उपभोक्ता के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी के साथ-साथ किसानों के कृषि विधि दर में भी 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। जिससे आम जनता व किसानों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। आम जनता एवं किसानों की बिजली दर की ▶▶| शेष पेज 10 पर

# संडे बाजार में पहुंची ट्रैफिक पुलिस, दर्जनों वाहनों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को सुपेला संडे मार्केट में अभियान चलाकर नो पार्किंग में खड़ी वाहनों पर चालानी कार्रवाई की है। ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि वाहन चालकों ने चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी वसूला किया गया। वाहन मालिको के सामने नहीं आने पर दर्जन भर से अधिक दो पहिया वाहनों को क्रेन से उठाकर ट्रेलर में रख ट्रैफिक टावर संडे बाजार सुपेला से लाया गया। कईं चार पहिया वाहनों पर चालान की प्रति चस्पा भी की गई। सुपेला चौक से गदा चौक की सड़क पर लगने वाले संडे मार्केट में एक बार ट्रैफिक पुलिस की सख्ती देखने को मिली। सुबह 10 बजे के आसपास एसएसपी विजय अग्रवाल और एएसपी ट्रैफिक रिचा मिश्रा के निर्देश पर ट्रैफिक टीआई मनीष शर्मा दल बल के साथ संडे मार्केट पहुंचे। जहां पार्किंग के लिए खींची गई सीमा रेखा के बाहर खड़े दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहनों के खिलाफ जमकर कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस की सख्ती को देख नो पार्किंग में खड़े वाहन पर खरीददारी कर रहे लोगों में हड़कंप मच गई। दरअसल, सुपेला में हर रविवार को घड़ी चौक से गदा चौक की ओर गुजरने वाली सड़क पर मार्केट लगता है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा मार्केट की वजह से सड़क पर आवाजाही बाधित न हो। इसके लिए दोनों ओर वाहन पार्किंग के लिए एक दायरा तय कर सीमांकन किया गया है। बावजूद इसके अनेक वाहन चालक पार्किंग के दायरे से बाहर अपने वाहनों को खड़ा करने से बाज नहीं आ रहे थे। लिहाजा सीधे आने जाने वाले वाहन चालकों को बेवजह जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा था।

### दो और चार पहिया वाहनों पर हुई कार्रवाई

**खास बातें**

- क्रेन से टांगकर वाहनों को ट्रैफिक टावर लाया
- लोगों को आने-जाने में हो रही थी परेशानी
- घड़ी चौक पर भी बेतरतीब वाहन हटाए



### कहीं गड्ढों में सड़कें तो कहीं गंदगी बजबजा रही

# टाउनशिप के मार्केट का सालों से नहीं हुआ मेंटनेंस, व्यापारी परेशान


हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में वर्षों पूर्व बनी मार्केट मेंटेनेंस के अभाव में जर्जर होती जा रही है। लंबे अर्से से अधिकतर मार्केट में संधारण का काम नहीं किया गाय है। इससे न सिर्फ व्यापारी बल्कि लोगों को भी परेशानी हो रही है। बारिश के मौसम में ये परेशानी और बढ़ गई है। व्यवसायियों ने बीएसपी प्रशासन से बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप के निर्माण के समय ही सभी सेक्टरों में लोगों की सुविधा के लिए सर्वसुविधायुक्त मार्केट बनाई गई थी। बड़े सेक्टर में तो तीन-तीन मार्केट तैयार की गई। यहां बनी दुकानों को कई साल पहले व्यापारियों को दिया गया था। सेक्टर 1 से लेकर सेकटर 10 और रिसाली, मरोदो व रुआबांधा सेक्टर की बात करें तो बीएसपी ने यहां 25 अलग अलग मार्केट का निर्माण किया है। इन बाजारों में पार्किंग से लेकर प्रशाधन तक सभी सुविधाएं मुहैय्या कराई गई थीं। पिछले कुछ साल से सभी बुनियादी सुविधाएं बदहाल हो गई हैं। बरसात के मौसम समस्या और बढ़ गई है। इसके चलते व्यापारियों के साथ खरीदारों को भी चौतरफा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सफाई, सड़कें, जलभराव, प्रसाधन, पेयजल आदि नागरिक सहूलियतें बदतर हो गई हैं। व्यवसायियों ने बताया कि कई बार बीएसपी से शिकायत के बाद भी मेंटेनेंस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनके द्वारा हर साल लाखों रुपए टैक्स व रेंट दिया जा रहा है, लेकिन जो सुविधा देने का वादा किया गया था वो नहीं दी जा रही हैं। बारिश के मौसम में जल भराव इतना अधिक हो जाता है कि पानी दुकानों के अंदर तक घुस जाता है। पीने का पानी साफ नहीं आता तो घर से पानी लेकर आना पड़ता है। अधिकतर बाजारों की हालत यह है कि वहां टायलेट कंडम होने से उसमें गंदगी बजबजा रही है। इससे सबसे ज्यादा असुविधा महिलाओं को रही है।

### बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें, जलजमाव, दुकानों में भरता है पानी





### सेक्टर 6 मार्केट की बाउंड्री टूटी, सी मार्केट में भरता है पानी

टाउनशिप के सबसे बड़े सेक्टर 6 के सबसे बड़े बाजार ए मार्केट की सबसे अधिक बदहाल स्थिति है। मार्केट परिसर की सड़कें इतनी जर्जर हैं कि वहां दोपहिया वाहन तक चलाने में परेशानी हो रही है। पानी भराव के चलते पैदल चलना मुश्किल है। जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। व्यवसायियों ने बताया कि सफाई कर्मी यहां का सारा कचरा पुलिया व पीछे साइड छोड़ कर चले जाते हैं। इससे बारिश में सड़कर इससे बदबू आती है। मार्केट की बाउंड्रीवाल पांच साल से टूटी हुई है, जिसके चलते आवारा मवेशी मार्केट के अंदर घुस कर लोगों का नुकसान करते हैं। इसी तरह सी मार्केट आटो मैकेनिक लाइन और चिकन मटन लाइन की रोड भी जर्जर है। मैकेनिक लाइन के किनारे गंदे नाले का पानी दुकानों में भर जाता है। सेक्टर के सौ से अधिक ब्लाक टूटने के बाद ए मार्केट का व्यवसाय भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

### जोनल मार्केट से अफसर भी परेशान

टाउनशिप की आफिसर कालोनी सेक्टर 10 के जोनल मार्केट में समस्या बढ़ने से व्यवसायी ही नहीं बल्कि खरीदी करने आने वाले बीएसपी अधिकारी और परिजनों की भी दिक्कतें हो रही हैं। इसके बाद भी सालों पुराने मार्केट को अपडेट नहीं किया जा रहा है। व्यवसायियों ने बताया कि दिल्ली के कनाट प्लेस के डिजाइन में बनाया गया यह सर्वसुविधायुक्त मार्केट नियमित मेंटेनेंस नहीं होने से अपना मूल स्वरूप खो चुका है। काफीहाउस रोड, मेडिकल रोड व कार मेकेनिक रोड सभी गड्ढों से युक्त हैं। सीवेज का पानी दुकानों के सामने बहने व जगह जगह कचरे से बदबू व गंदगी है। सड़कों पर बेतरतीब गाड़ियों से शाम को जाम व आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# निगम कर्मचारियों ने लिया विरोध वापस

### सीएम साय ने दिया मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगरी निकाय कर्मचारियों ने विरोध वापस ले लिया है। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जल्द पूर्ण करने के आश्वासन के बाद यह निर्णय लिया। पिछले एक सप्ताह भर से अपने-अपने स्थानीय निकायों में कर्मी काली पट्टी लगाकर फील्ड और कार्यालयीन कार्यों को कर रहे थे।

### इन मांगों को लेकर हो रहा था प्रदर्शन

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरी निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि निकाय कर्मचारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण और जमीनी स्तर की तीन मांगे थी। जिसमें महीने के पहली तारीख को वेतन का भुगतान करने, शासन के अन्य विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने, और समय पद पदोन्नति प्रदान करना शामिल है।

### इन प्रतिनिधि मंडल से हुई चर्चा

संघ के प्रदेश पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से उनके निवास में भेंट मुलाकात कर अपनी गंभीर और महत्वपूर्ण मांगों और समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। जिस पर मुख्यमंत्री साय द्वारा निकाय कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अति शीघ्र मांगों पर विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। चर्चा सकारात्मक और सार्थक रही और आने वाले समय पर निश्चित रूप से कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले में प्रमुख रूप से कर्मचारी संघ के संरक्षक संजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर, वरिष्ठ सलाहकार श्रवण ठाकुर, और कर्मचारी ललित साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### जमानत कराने के नाम पर ठगी, निगरानीशुदा बदमाश गिरफ्तार

**भिलाई।** जमानत कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम रवेली थाना पाटन निवासी नंदन यादव ने पुलिस में शिकायत किया। जिसमें निगरानी बदमाश ग्राम देवार वार्ड 6 निवासी संजू वैष्णव ने पीड़िता का बेटा ओमप्रकाश यादव केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध है। उसका जमानत कराने का झांसा देकर संजू पैसा पट्टा साथ में लेकर गया। एक्टीवा वाहन सीजी-07-सीक्यू-4737 को आरोपी संजू वैष्णव चलाते दुर्ग ले गया। नोटरी कार्यालय दुर्ग में स्टैण्ड में वाहन को खड़ी करने का झांसा दिया। नगदी रकम 1500 रुपये, मोबाईल भी लेकर फरार हो गया। प्रकरण में आरोपी संजू वैष्णव पाटन थाना का निगरानी बदमाश है। जो केन्द्रीय जेल दुर्ग में सजा काट रहा है और पैरोल पर अपने घर ग्राम देवादा आया था। पैरोल का तिथि पूर्ण होने के बाद केन्द्रीय जेल वापस न जाकर घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। थाना प्रभारी पाटन अनिल कुमार साहू, सायबर सेल ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर संजू वैष्णव ग्राम देमार रास्ता में घूमते पकड़ा गया। आरोपी से 800 रुपये नगदी,एक्टीवा वाहन को जब्त किया है। आरोपी न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### ट्रेनीज को जल्द मिलेगा नान फाइनेंशियल अवार्डः इंटक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ट्रेनीज कर्मचारियों के लिए एक अच्छी खबर है। उन्हें जल्द ही नांन फाइनेंशियल अवार्ड दे दिया जाएगा। इससे बीएसपी से ट्रेनीज के नौकरी छोड़कर जाने का सिलसिला थम जाएगा।
इस आशय का आश्वासन बीएसपी के महाप्रबंधक प्रभारी द्वारा स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के पदाधिकारियों को दिया गया है। यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने यह अवार्ड देने की मांग जीएम संजीव श्रीवास्तव से की थी।स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक का प्रतिनिधि मंडल एचआरडीसी के महाप्रबंधक एचआरडीसी प्रभारी संजीव श्रीवास्तव से मुलाकात कर 30 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक एचआरडीसी में रहे ट्रेनीज को नान फाइनेंशियल अवार्ड देने की इंटक की मांग पर चर्चा किया। यूनियन के जीएस व एनजेसीएस सदस्य वीबी सिंह ने बताया कि जीएम ने भरोसा दिलया कि प्रक्रिया चल रही है 15 अगस्त से पहले सभी 133 ट्रेनीज को नान फाइनेंशियल अवार्ड दे दिया जाएगा। यूनियन ने ईडी से एचआरडीसी में 30 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक ट्रेनीज रहे कर्मचारियों को नान फाइनेंशियल अवार्ड नहीं दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द अवार्ड की मांग की थी। चर्चा के दौरान यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि उप महासचिव धनेश प्रसाद एवं शिव शंकर सिंह उपस्थित थे।

### मधुमेह मरीजों को बताए स्वस्थ रहने के गुर



**भिलाई।** निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 की टीम भिलाई सहित दुर्ग जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रही है। इसके अंतर्गत जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निर्देश पर स्वास्थ्य महकमा सहयोगी मरीजों उपचार कर लोगों को लाभ पहुंचा रहा है। इसी कड़ी में विकास खंड पाटन के शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई-तीन के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर देवबलौदा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

# हॉस्पिटल सेक्टर के अनफिट आवासों को जमींदोज किए जाने का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

उच्च न्यायालय बिलासपुर ने हॉस्पिटल सेक्टर में भिलाई इस्पात संयंत्र के अनफिट आवासों को गिराने पर 8 साल का स्थगनादेश हटा दिया है। कोर्ट ने सम्पदा न्यायालय को मामले को 6 महीने के भीतर निपटाने का निर्देश दिया है। इस मामले में 302 याचिकाकर्ता थे। ये सभी अनधिकृत कब्जाधारी पिछले 8 साल से मुफ्त बिजली और पानी का उपयोग कर रहे थे।

- हाई कोर्ट ने नौ साल पुराना स्टे आर्डर किया रद्द

हाई कोर्ट ने अपने फैसले में बीएसपी के पक्ष में हास्पिटल सेक्टर के रहवासी कब्जाधारियों के स्टे को रद्द कर दिया है। मामले में बीएसपी के संपदा न्यायालय को छह महीने के अंदर निपटाने का आदेश दिया है। यहां अनफिट ब्लाकों में 666 आवासों अनधिकृत रूप से कब्जा है। गौरतलब हो कि वर्ष 2016 में बीएसपी के प्रवर्तन अनुभाग के तोड़ू दस्ते ने पुलिस फोर्स की मौजूदगी में भारी लावलश्कर के साथ सेक्टर 9 हास्पिटल की पीछे हुडको के निकटस्थ हास्पिटल सेक्टर में बीएसपी आवासों मे रहे अवैध कब्जाधारियों को हटाने बेदखली कार्रवाई की थी। लेकिन रहवासियों ने राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ इस कार्रवाई का जबरदस्त विरोध किया था। सैकड़ों रहवासी बुलडोजरों के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किए थे। व्यापक विरोध और कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होते देख बेदखली कार्रवाई रद्द करनी पड़ी थी। इस दौरान अनधिकृत रूप से रह रहे कब्जाधारियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर राहत की गुहारी लगाई थी। रिट में रहवासियों ने रिटायर बीएसपी कर्मियों व परिजनों, मजदूर, अटेंडेंस व झाड़ू पोंछा लगाने आदि गरीब तबके का होने का हवाला देते हुए मदद की अपील की थी। कोर्ट ने 2016 में इन अनधिकृत रूप से रह रहे लोगों के पक्ष में स्टे दिया था।




### दस साल पूर्व अनफिट घोषित हो गए थे मकान

हास्पिटल सेक्टर के 33 बीएसपी आवासीय ब्लाकों में आज भी लोग कब्जा कर रह रहे हैं। यहां 666 मकान हैं। साठ के दशक में बने सभी आवास जर्जर हो चुके हैं। इसे देखते हुए बीएसपी ने वर्ष 2013 में इन्हे सुरक्षा की दृष्टि से अनफिट घोषित कर दिया था। जर्जर होने से हादसे और बिजली पानी के रूप में नुकसान को देखते हुए बीएसपी ने 9 साल पूर्व आवासों में बेदखली कार्रवाई शुरू की थी। प्रबंधन सूत्रों के मुताबिक अब स्टे रद्द होने से आगे इन ब्लाकों को जमींदोज किए जाने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है।

# जिला शिव सेना का विस्तार किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶|बालोद

जिले में शिव सेना का विस्तार किया गया। जिसमे हर्ष शर्मा, चेतन साहु, शकुन्तला देवांगन, बालकृष्ण, कुमार सिंह हिरवानी सहित अन्य की नियुक्ति की गई। बालोद शिव सेना प्रदेश सचिव शंकर चौनानी ने बताया कि शिव सेना प्रदेश पदाधिकारियों की अनुशंसा पर शिव सेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार द्वारा जिले के सक्रिय शिव सैनिकों को पदभार सौंप कर नियुक्ति पत्र दी गई।

शिव सेना के श्री चौनानी ने बताया कि आज शिव सेना प्रदेश प्रमुख परिहार भारतीय कामगार सेना प्रदेश अध्यक्ष मधुकर पांडे, किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, प्रदेश सचिव दिनेश ताम्रकार, प्रदेश उपाध्यक्ष शिव राम केसरवानी, महामंत्री मनीष तिवारी, भारतीय कामगार सेना प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार की उपस्थिति में मुख्यालय रायपुर में बालोद जिले के शिव सैनिक जिला प्रभारी हर्ष शर्मा, भारतीय कामगार सेना जिला अध्यक्ष चेतन साहू, महिला सेना अध्यक्ष शकुंतला देवांगन, जिला महासचिव बालमुकुंद अग्रवाल, जिला संगठन कुमार सिंह हिरवानी, जिला उपाध्यक्ष चन्दन सोनकर, नगर अध्यक्ष अनिल सिंह राजपूत, मिडिया प्रभारी डेविड सोनी पद पर नियुक्त किया गया एवं नियुक्ति पत्र दी गई।

## पेज 9 के शेष

### शक्तिपीठ और शिवालयों में ...

लीन रहते है। जिले के विभिन्न शक्तिपीठ जैस भोलापठार, कपिलेश्वर मंदिर, जलेश्वरमहादेव, सियादेवी, गंगामैया, रानी माँ, बूढ़ादेव इन मंदिरों में भक्तों की भीड़ महीने भर रहती है।

शांति और आनंद की अनुभूति जिला मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर ग्राम भोथली में बूढ़ादेव मंदिर का मंदिर है, बूढ़ादेव का मंदिर गाँव के तालाब के तट पर चिरहुट पेड़ के नीचे स्थित है। जहाँ पर मन मे शांति और आनंद की अनुभूति प्राप्त होती है, मंदिर प्रांगण मे एक विस्तृत क्षेत्र में मैदान में जहाँ पर महाशिवरात्रि में तीन दिवसीय रामायण का आयोजन होता है और अंतिम दिवस पर मेले का भी आयोजन रहता है, जहाँ पर आस पास के ग्रामीण हजारों की संख्या मे आते है, जिसके कारण यह मेला बहुत ही प्रसिद्ध है, तालाब के किनारे शंकर जी की मूर्ति बहुत ही शोभनीय है साथ ही मंदिर प्रांगण में राधा कृष्णा की भी मूर्ति शोभित है। तालाब मे निर्मल जल तालाब के किनारे कदम, पीपल, बरगद के पेड़ है जो प्राकृतिक छटा को सुन्दर बनाती है, वर्तमान में यह मंदिर बूढ़ादेव के नाम से जिले में प्रसिद्ध है।

### अज्ञात कारणों से ....

को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया गया। जहां शव का पोस्टमार्डम के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक ग्राम परसवानी निवासी कमलेश मंडावी शराब और गाजे के नशे का आदि था। उसके आत्महत्या के एक दिन पहले वह शराब, गांजा पीने के लिए घर का आधा बोरी चावल बेचकर शराब पीकर आया था। जिसके साथ अन्य बात को लेकर उसका परिजनों से विवाद हुआ था। आत्महत्या की रात खाना खाकर प्रत्येक दिन की तरह वह घर से निकला था। जिसके देर रात घर नही आया जिस पर घर वालों ने सोचा की रोज की तरह घूम फिर कर घर आ जाएगा। लेकिन प्रत्येक दिन खाना खाकर रात को घुमने निकलने वाले युवक ने ग्राम के शीतला मदिर के मुख्य गेट के सामने रस्सी पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आखिर युवक के आत्महत्या करने का कारण क्या है इसकी जांच मे अर्जुन्दा पुलिस जुटी हुई है।

### युवक का शव पेड़ पर ....

खेत देखने गए एक ग्रामीण को युवक का शव गोंदली अपासी नाली बनगांव के पास खेत के मेड़ में स्थित पेड़ मे शव लटका मिला। जिसके बाद उक्त ग्रामीण द्वारा अन्य ग्रामीणो व परिजनो को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। जहां शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया है। वहीं युवक द्वारा ऐसा कदम क्यो उठाया गया। इसकी जांच मे बालोद पुलिस जुट गई है।

### कार-बाइक टक्कर ....

बाईक से हल्की ठोकर खाकर पास के रेलिंग से जा टकराई जिसमे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जहां इस हादसे को देखकर आस पास के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे। जहां कार मे सवार अधिवक्ता को सुरक्षित कार से निकाला गया। वहीं इस हादसे व बाईक क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद भी लापरवाह बाईक चालक युवक मौके पर नही रूका व अपनी क्षतिग्रस्त बाईक चालूकर मौके से फरार हो गया।

### बिजली दर वृद्धि ...

बढ़ोतरी के कारण प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडीलोहारा के द्वारा सहायक अभियंता कार्यालय डौंडीलोहारा का घेराव 16 जुलाई दिन बुधवार समय दोपहर 2 बजे किया जाएगा। उक्त जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री मेघनाथ साहू ने दी।

# पं. मिश्रा की शिवकथा के लिए प्रशासन के बाद बीएसपी ने भी दी हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



शहर और अंचल के श्रद्धालुओं को एक बार फिर पवित्र सावन के महीने में महाकाल की कथा सुनने का लाभ मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की शिवकथा प्रवचन का आयोजन 30 जुलाई से 5 अगस्त तक जयंती स्टेडियम के निकट मैदान में किया गया है। इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने भी अपनी मंजूरी दे दी है। आयोजन के लिए बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा पं. मिश्रा के कथा आयोजन के लिए जिला प्रशासन के साथ बीएसपी के नगर सेवा विभाग में भी आवेदन दिया गया था। आयोजक से सफलतापूर्वक आयोजन की आश्वस्ति के बाद दो दिन पूर्व एसडीएम से मिली अनुमति के आधार पर बीएसपी ने भी आयोजन के लिए अपने स्थल और बिजली सुविधा की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के मुताबिक छह दिन के लिए जयंती स्टेडियम मैदान व बिजली सुविधा उपललब्ध कराने का बतौर रेंट बीएसपी को करीब 4 लाख रुपए मिलेंगे।

## खबर संक्षेप



### बेलमांड स्कूल में छात्रसंघ परिषद का किया गठन

**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलमाण्ड मे छात्रसंघ परिषद का गठन किया गया। जिसमें शाला नायक के लिए योगेंद्र कुमार, उप शाला नायक टिकेंद्र कुमार, छात्र प्रतिनिधि हिमानी, अनुशासन सचिव लकेश्वर, सांस्कृतिक सचिव दीक्षा साहू, कीड़ा सचिव कंचन, बागवानी सचिव राम अवतार, रेडक्राश सचिव वीना का चयन किया गया है। प्राचार्य एनके.मंडावी के द्वारा कार्यों एवं दायित्वों का कुशल संचालन के लिए पदाधिकारीयो को शपथ ग्रहण कराया गया। इस कार्यक्रम में एके. शुकतेल, केपी.सलामे , एके. देशमुख, पी.शुक्ला, के. कोशिमा, एके.ठाकुर, डीके.गंजीर, डी.गोरे, एम.अग्रवार, जी.कांडे, पीएल. भेड़िया का विशेष योगदान रहा।

### आत्मानंद स्कूल के दीपांशु ने आठवीं में बाजी मारी

**बालोद/निकुम।** स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल



निकुम में दीपांशु चंद्राकर ने कक्षा आठवीं में 96.50 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, वे हेमंत चंद्राकर, हेमकिरण चंद्राकर के पुत्र है। इस अवसर पर संदीप बी आर चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर व प्राचार्य निकुम शोभना देवराजन व स्कूल स्टॉफ ने हर्श व्यक्त किया।

### घर पर मिली महिला की लाश, हत्या की आशंका

**नंदिनी-अहिवारा।** टाउनशिप नंदिनी के झोपड़पट्टी में निवास करने वाली 45 वर्षीय महिला की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध कायम किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम हरदी निवासी कुंवारिया यादव उर्फ चिया नामक नामक महिला की लाश उसके झोपड़े में पड़ी मिली। सूचना पर एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी अभिषेक झा, डीएसपी ए किरो, नंदिनी टीआई पारसराम ठाकुर मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक एक्सपर्ट भी मौके पर पहुंचे। महिला के माथे, सिर के पीछे गहरे जख्म के निशान पाए गए। शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया।

### हत्या का धौंस देकर वृद्धा के सोने का कंगन लेकर भाग निकले युवक

**भिलाई।** वृद्ध महिला को हत्या का झांसा देकर सोने के कंगन को पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध कायम किया है। चार युवकों की तलाश में पुलिस जुट गई है। घटना सदर बाजार दुर्ग क्षेत्र की घटना है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि दो अलग-अलग बाइक में सवार होकर पहुंचे चार युवकों ने पूजा कर घर लौट रही वृद्धा भोई पारा दुर्ग निवासी शीला जैन को हत्या होने का झांसा देकर कंगन मांगकर अपने पास रख लिया। एक युवक ने लिफाफा देकर कंगन को रखने की सलाह दी।

# जर्जर खुर्सीपार-निकुम सड़क में रोपा लगाकर ग्रामीणों ने जताया विरोध

## जिपं सदस्य चंद्राकर के नेतृत्व में किसानों और ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

गुण्डरदेही विकासखंड क्षेत्र के आखिरी गांव खुर्सीपार से दुर्ग जिले ग्राम निकुम करे जोड़ने वाली मुख्यमंत्री ग्राम सड़क विभागीय उदासीनता व अनदेखी के चलते जर्जर हो जाने को लेकर जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अनोखा विरोध जताया। ग्रामीणों ने जर्जर सड़क पर धान की फसल रोपा लगा कर विरोध जताया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कई महीनों से सड़क की हालात ऐसे ही जर्जर है तथा हमें आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, लेकिन इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिये जाने के बाद उन्होंने विरोध प्रदर्शन का यह अनोखा तरीका अपनाया। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ वर्ष पहले गांव में लाखों की लागत से सड़क का निर्माण किया गया था। यह सड़क गांव जाने को लेकर एकमात्र मुख्य सड़क है। सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया और इस कारण सड़क कुछ महीने भी नहीं टिक पाती है, इस सड़क मार्ग से दुर्ग और बालोद को जोड़ते हुए, भोथली से तिरगा होते हुए सोमनी राजनांदगांव जाती है, सड़क पूरी तरीके से जर्जर हो गयी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं। जिसमें बारिश का पानी जमा हो जाता है और कीचड़ के बीच लोगों को आवागमन करना, वही इस सड़क से स्कूल, अस्पताल, कॉलेज, काम करने मजदूर जाते है। वही ग्राम के मूलचंद बेलचंदन, पारख साहू, पंकज बेलचंदन, तुषार हरमुख, मनीष ठाकुर, योगेंद्र बेलचंदन, लाकेश्वर साहू, डिलेश्वर साहू, कोमल साहू ने मिलकर जल्दी सड़क निर्माण करने की बात प्रशासन से कही।



**जानलेवा हैं गड्ढे**

जहां सड़क में कई जगह जानलेवा गड्ढे हैं जो की बारिश के पानी से भरे होने के कारण राहगीरों को दिखाई नहीं देते है, इसलिए क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने व ग्रामीणों ने विरोध करते हुए जर्जर सड़क पर धान के पौधे रोपकर विरोध करते हुए कहा प्रशासन कुंभकणऍय नींद से जागकर जर्जर सड़क की मरम्मत करे ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## अभियान: अभियान की तारीख में किया गया परिवर्तन

# जिले में 20 को होगा वृहद पौधरोपण कलेक्टर ने ली बैठक दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में 18 जुलाई को आयोजित होने वाली वृहद पौधारोपण कार्यक्रम की तिथि को अपरिहार्य कारणों से संशोधित करते हुए रविवार 20 जुलाई को कर दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा जिले में आयोजित इस वृहद कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है।रजिले में 18 जुलाई को आयोजित होने वाली वृहद पौधारोपण कार्यक्रम की तिथि को अपरिहार्य कारणों से संशोधित करते हुए रविवार 20 जुलाई को कर दी गई है।



जिला प्रशासन द्वारा जिले में आयोजित इस वृहद कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर 20 जुलाई को आयोजित इस वृहद पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित वृहद पौधारोपण सह वनमहोत्सव कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद भोजराज नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों तथा अधिकारी-कर्मचारियों, आम नागरिकों के अलावा समाज के सभी वर्ग के लोग कार्यक्रम में उपस्थित होकर पौधरोपण करेंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत 02 लाख पौधरोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में आज वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, एसडीएम बालोद नूतन कंवर, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से बारी-बारी से चर्चा कर उन्हें सौंपे गए दायित्व तथा उनके विभाग द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने बताया कि संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में पौधारोपण सह वनमहोत्सव कार्यक्रम का आयोजन रविवार 20 जुलाई को सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा।

मिश्रा ने अधिकारियों को कार्यक्रम का समुचित प्रचार-प्रसार, मंच निर्माण, पौधरोपण हेतु गड्ढों की खुदाई तथा समुचित मात्र में पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत 20 जुलाई को जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने ई-जिला प्रबंधक को इस दौरान जिले के सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों एवं अन्य स्थानों में आयोजित होने वाली कार्यक्रमों में वर्चुअल संपर्क स्थापित करने हेतु कार्यक्रम स्थल में एलईडी, इंटरनेट सहित सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

## सावन महीने में भक्त शिवभक्ति में लीन शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर सहित पूरे क्षेत्र में सावन माह के पहले सोमवार को भक्तिभाव और उत्साह के साथ मनाया गया। शिवभक्तों की टोलियां सुबह से ही भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक हेतु विभिन्न शिव मंदिरों की ओर उमड़ पड़ीं। मंदिरों में हर-हर महादेव और बोल बम के गगनभेदी जयघोष गूंजते रहे, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।

दल्लीराजहरा के स्थानीय शिव मंदिर, महामाया मंदिर प्रांगण स्थित शिवालय, श्रीराम मंदिर परिसर, हनुमान मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूजा-अर्चना के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, वहीं मंदिर समितियों ने श्रद्धालुओं के लिए जल सेवा, प्रसाद वितरण और



कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था की।

श्रद्धालुओं ने जल, बेलपत्र, पुष्प, दूध, दही, शहद आदि से भगवान शिव का अभिषेक किया और परिवार के सुख-शांति की कामना की। महिलाओं और युवतियों ने व्रत रखकर विशेष पूजा की। सावन सोमवार पर शहर की सड़कों पर रौनक बनी रही। श्रद्धा, भक्ति और उत्सव का अद्भुत संगम पूरे दल्लीराजहरा में देखने को मिला। यह आयोजन क्षेत्र में शिवभक्ति की परंपरा और आस्था की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत कर गया।

# कोदो की खेती से किसान हो रहे मजबूत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद-दल्लीराजहरा

कम दाम में अधिक लाभ प्राप्त होने तथा कोदो फसल की महत्ता एवं उपयोगिता के मद्देनजर बालोद जिले के कृषकों में भी कोदो की खेती के प्रति रूझान बढ़ता जा रहा है। कम खर्च एवं मेहनत से समुचित लाभ मिलने के अलावा कोदो फसल की बढ़ती मांग के कारण जिले के गुरूर विकासखण्ड के वनग्राम बड़भूम, पेटेचुवा, दुग्गा बाहरा, करेंझर आदि गांवों के अनेक किसानों द्वारा कोदो की खेती की जा रही है।

कोदो की खेती से हो रहे लाभ एवं इसकी उपयोगिता के कारण गुरूर विकासखण्ड के वनग्राम दुग्गा बाहरा के कृषक धनीराम के द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (रफ्तार) के सहयोग से मिले 03 एकड़ भूमि में कोदो की खेती की जा रही है। कृषि विभाग के द्वारा भी किसानों को कोदो की खेती करने के लिए प्रेरित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत किसानों को धान के बदले अन्य फसल के लिए पे्ररित करने हेतु प्रति एकड़ 11 हजार रुपये का अनुदान भी दिया जा रहा है। किसान धनीराम के द्वारा पूर्व में खरीफ सीजन के दौरान केवल धान की खेती की जाती थी। किंतु कोदो की खेती से मिल रहे लाभ इसकी उपयोगिता एवं कृषि विभाग के द्वारा किए गए समुचित प्रचार-प्रसार के फलस्वरूप किसान धनीराम द्वारा वर्तमान में 03 एकड़ भूमि पर कोदो की खेती की जा रही है। उल्लेखनीय है कि धान फसल की अपेक्षा कोदो की खेती में दवाई एवं खाद की कम आवश्यकता होती है। इसके साथ ही कोदो की खेती के लिए किसान उच्चहन भूमि का उपयोग कर कम लागत में अधिक लाभ ले सकते है। इसके अलावा कोदो खाने के अनेक फायदे भी है। भोजन में कोदो का अनाज लेने से वजन कम करने, हृदय रोग एवं मधुमेह को भी नियंत्रित करने में अत्यंत कारगर साबित होता है। इसके अलावा कोदो एक पौष्टिक अनाज है जिसमें फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक विटामिन व खनिज भरपूर मात्र में पाए जाते है।

## शाला प्रबंधन समिति का गठन की और मनाया प्रवेशोत्सव

**अंडा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला आमटी में शाला प्रवेशोत्सव एवं शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, पूर्व शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मानसिंह पटेल एवं प्राथमिक शाला के अध्यक्ष खिलेंद्र पटेल तथा पालक सर्व राकेश पटेल, टेकराम साहू, कुलेश्वर प्रसाद शर्मा, खोरबाहरा पटेल, कौशल चक्रधारी, छत्रपाल पटेल, श्रीमती शशिकला देवांगन, अश्विनी देवांगन, श्यामा साहू, रेखा देवांगन, सीमा निषाद, तिलेश्वरी, भुनेश्वरी, ख़मीन, सरिता साहू, ममता विश्वकर्मा, मालती साहू, वैशाली पटेल, टिकेश्वरी निषाद, गोपाल साहू, मोहन ठाकुर, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला ईश्वर लाल देशमुख, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक रमेश देशमुख, पंचराम देवांगन, नीरज बेलचंदन, हेमंत टांडिया, मधु साहू, एवं छबीना उइके आदि शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे। सर्व सम्मति से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद शर्मा पूर्व माध्यमिक शाला आमटी, खिलेंद्र पटेल को शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला आमटी का अध्यक्ष मनोनयन किया गया।



# सशिमं में गठित किशोर व कन्या भारती ने शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय विद्यालय बालोद में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए किशोर, कन्या भारती का गठन किया गया। जिसमे शपथ ग्रहण का कार्यक्रम विद्यालय प्रमुख प्राचार्य दीनदयाल साहू एवं किशोर, कन्या भारती प्रमुख आचार्य धर्मेंद्र गुरुपंच व दीदी रीना कोरेटी के सानिध्य में संपन्न हुआ।

जिसमे सभी नव नियुक्त भैया बहनों को शपथ ग्रहण कर उन्हें अपने पद का निर्वहन कैसे करना है, इसकी जानकारी आचार्य धर्मेंद्र के द्वारा दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि अगर हमारे अंदर समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी, यह चारों गुण विद्वान हो जाए तो हमें आगे जीवन में बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। अगर प्रत्येक विद्याथऍ यह चारों गुर्णो को अपने जीवन में हमेशा के लिए उतार दे तो निश्चित ही वह आगे चलकर उसका जीवन अनेक सफलत्ता से भरा होगा। किशोर, कन्या भारती प्रमुख दायित्व पद के तहत सेनापति डिगेश्वर विश्वकर्मा, चित्रंजली निषाद, अध्यक्ष हर्षित, तमन्ना, उपाध्यक्ष तेजेश यंजना, सचिव दिशांत, दिव्यांगी, सहसचिव नितिन, जया, अनुशासन प्रमुख ओजस्व, राकेश, चेष्टा, निशा, सांस्—तिक प्रमुख कविता निहारिका, प्रार्थना प्रमुख भावेश हिना, अनुष्का, माधवी, बौद्धिक प्रमुख हरमेश, आदित्य, खिलेश्वरी, मेघा, क्रीडा प्रमुख कुणाल, सौरभ, कुमकुम, दीपिका, वाहन प्रमुख द्रोण, जयवर्धन, चेताली, गरिमा, स्वच्छता प्रमुख सुमीत, जावेश, कशिश, चेन्सी चिकित्सा प्रमुख कोमल, प्रशांत केसर, पूवऍ, बागवानी प्रमुख रुद्रकात, नैन्सी, नैतिक, खोया पाया प्रमुख रितेश, युवराज, भूमिका, सालिनी संगीत प्रमुख चौतन्य, फनीस, निहारिका, लोशिका, घोष प्रमुख नैतिक, काव्य बनाए गए। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख प्राचार्य व समस्त आचार्य, दीदिया साथ ही सभी भैया बहनों की सहभागिता रही।

## ग्राम पंचायत बिटाल निवासी तृप्ति मानिकपुरी शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल की होनहार छात्रा

# आर्थिक तंगी से जूझती छात्रा को मिला सहारा, संजय बैस ने ली पढ़ाई का जिम्मा

कुसुमकसा। ग्राम पंचायत बिटाल की निवासी कुमारी तृप्ति मानिकपुरी जो कि शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिटाल की होनहार छात्रा है। पढ़ाई लिखाई में भी बहुत ही अच्छी है लेकिन आर्थिक समस्या कमजोर होने के कारण विद्यालय के फीस कापी पुस्तक स्कूल ड्रेस जैसे समस्या छात्रा कुमारी तृप्ति मानिकपुरी को हो रही थी। उन्होंने अपनी समस्या को स्थानीय जनपद सदस्य झमित बाई के पास रखी मुझे विद्यालय के फीस के अलावा कापी पुस्तक गाइड की समस्या आ रही है। स्थानीय जनपद सदस्य झमित बाई ने इस होनहार छात्रा कुमारी तृप्ति मानिकपुरी के सहयोग के लिए कुसुमकसा के जनपद सदस्य संजय मंजू बैंस को इस छात्रा के लिए सहयोग करने के लिए निवेदन किया। क्योंकि हमेशा जरूरतमंदों के सहयोग के लिए संजय मंजू



बैंस सदैव तत्पर रहती है। इस उम्मीद से की हमारी गांव की इस होनहार बेटी के लिए भी संजय मंजू बैंस आगे आ कर बेटी की भविष्य के लिए अपने हाथ को आगे बढ़ायेगा। संजय मंजू बैस ने इस होनहार बेटी की समस्या को देखते हुए तुरंत विद्यालय पहुंच कर तृप्ति मानिकपुरी कक्षा दसवीं में अध्यनरत उस बेटी का विद्यालय के फीस के साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल के फीस को जमा कराए और कापी पेन स्कूल ड्रेस के साथ भविष्य में भी लगने वाले पूरी पढ़ाई का खर्चा इस बेटी का उठाने का जिम्मा भी लिया। विद्यालय के प्राचार्य एस.एल. रावटे जी ने बताया कि तृप्ति में हमारे विद्यालय की होनहार छात्रा है और हमारे विद्यालय की इस बेटी के सहयोग के लिए बैस ने अपना हाथ आगे बढ़ाए है। इस बेटी के फीस को हम सभी शिक्षक विद्यालय से सहयोग कर जमा कर देंगे। उसके बाद भी जनपद सदस्य संजय मंजू बैंस ने इस बेटी के फीस के साथ संपूर्ण जिम्मेदारी उठाने का जिम्मा लिया है। जनपद सदस्य संजय बैस ने कहा कि मै ऐसे बेटी का मनोबल को बढ़ाकर उनकी मदद करना चाहता हूं जो अपनी सुरक्षा से स्वेच्छा से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपना एक पहचान बनाना चाहती हो। बिटिया हमारी समाज की भविष्य है ऐसी प्रतिभावान होनहार बेटी का हम सबको मिलकर मदद करना चाहिए।मंजू संजय बैस को स्कूल की ओर से विद्यालय के बाउंड्रीवाल और सीमेंटीकरण कराने के लिए भी आग्रह किए । तब उन्होंने कहा कि आपके विद्यालय की बाउंड्रीवाल के लिए 10 लाख रुपए और सीसी सड़क के लिए पांच लाख रुपए की शीघ्र स्वीकृति के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। यह आश्वासन संजय मंजू बैंस ने दिया है। स्थानीय जनपद सदस्य झमित बाई ने बताया कि मेरे सिर्फ एक निवेदन को स्वीकार्य कर कुमारी तृप्ति मानिकपुरी के सहयोग के लिए मदद किए मै संजय मंजू बैंस का आभार व्यक्त करती हुं। आर्थिक समस्या से जूझ रही तृप्ति विद्यालय की फीस कापी पुस्तक और आगे भी पढ़ने के लिए भी पूरी पालक की तरफ निर्वाह करने की मदद से बहुत ही गदगद है। उन्होंने कहा कि अब मेरा पूरा ध्यान पढ़ाई की तरफ रहेगा तथा मैं आप सबको विश्वास दिलाता हूं कि आपके द्वारा दिया गया सहयोग व्यर्थ नहीं जाएगा और मैं परीक्षा में बेहतरीन अंक लाकर आपके विश्वास पर खरा उतरूंगी।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

TEAM CREATIVE

भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

**खबर संक्षेप**



## कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने वनमहोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज अधिकारियों के साथ रविवार, 20 जुलाई को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित होने वाली वृहद पौधारोपण सह वनमहोत्सव कार्यक्रम के तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने पौधारोपण हेतु निर्धारित स्थल के अलावा वन महोत्सव कार्यक्रम के लिए मंच निर्माण हेतु निर्धारित स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को आयोजन के दौरान आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु दिशा–निर्देश भी दिए।

## बड़गांव स्कूल में किया गया बाल कैबिनेट का गठन



**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में बाल केबिनेट का गठन किया गया।सर्वसम्मति से शाला नायक (प्रधानमंत्री) भामनी,उप शाला नायक पेमेश्वर कुमार,कक्षा नायक छठवीं रितेश कुमार,उपनायक पूरवी,सातवीं लेस नायक,उप शाला नायक हरीश धनेन्द्र, आठवीं कक्षा नायक मोन्या उप कक्षा नायक संस्कार,खेल प्रभारी पुष्कर, विकास कुमार, मध्यान्ह भोजन प्रभारी अंजली, चंचल, सांस्कृतिक प्रभारी नोमिता,पूरवी, अनुशासन प्रभारी डिम्पल, नीलिमा, स्वास्थ्य प्रभारी नंदिता, यज्ञदत्त, एवं सफाई प्रभारी जागृति, ऋचा को मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक भूधर दास जोशी, शिक्षक श्रीमती शैलजा मार्टिन, हेमलता केशरा, संतोष कुमार देवांगन,भूवन सिंह कोसिमा, एवं पीलू राम साहू आदि ने सभी पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

## कट मारने को लेकर विवाद, चाकू से हमला

**भिलाई।** बाइक से कट मारने को लेकर विवाद में एक युवक ने दूसरे के ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि रानी महतों ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पिता मनोज महतो को पड़ोस में रहने वाले रोशन चौहान ने अपनी बाइक से कट मार दिया था। मनोज महतो अपनी बाइक से गिरते गिरते बचे। जब मनोज घर लौटे तो उन्होंने रोशन चौहान को समझाया कि गाड़ी सही से चलाया करो। इससे रोशन चौहान इतना गुस्से में आ गया कि उसने मनोज महतो के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इसके बाद मनोज रोशन के पिता से बात करने उसके घर जाने लगे तो रोशन ने चाकू निकालकर मनोज पर हमला कर दिया। इससे मनोज महतो चक्कर खाकर जमीन पर गिर गए और रोशन मौके से फरार हो गया।

# दुर्लभ ब्रह्म कमल क्षीरसागर के निवास पर खिला, बड़ी संख्या में लोगों ने किया दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्ली राजहरा निवासी बागवाणी प्रेमी दिलीप क्षीरसागर के निवास में बीती रात्रि दुर्लभ प्रजाति ब्रह्म कमल खिला। यह एक दुर्लभ और आकर्षक फूल है, जो अपनी सुंदरता और विशिष्टता के लिए जाना जाता है। दिलीप क्षीरसागर के घर में ब्रह्म कमल के खिलने की खबर मिलने पर बड़ी संख्या में जिज्ञासु घर पहुंचे और दर्शन लाभ लिया। दिलीप क्षीरसागर दल्ली राजहरा माइंस में BEML कंपनी में कार्यरत हैं, जो अपने खाली समय में बागवानी का आनंद लेते हैं। उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है कि उनके बाग में दुर्लभ प्रजाति के फूल जैसे कि ब्रह्म कमल खिले हैं। दिलीप क्षीरसागर की बागवानी की कहानी दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

**ब्रह्म कमल के बारे में कुछ रोचक तथ्यः** दुर्लभ प्रजातिः ब्रह्म कमल एक दुर्लभ प्रजाति का फूल है, जो केवल हिमालय की ऊंची चोटियों पर पाया जाता है।. रात में खिलनाः ब्रह्म कमल आमतौर पर रात में खिलता है, और इसका खिलना एक दुर्लभ और अद्भुत अनुभव होता है।आकर्षक और विशिष्टः ब्रह्म कमल अपनी सुंदरता और विशिष्टता के लिए जाना जाता है, और इसका आकार और रंग बहुत ही आकर्षक होता है।. धार्मिक महत्वः ब्रह्म कमल का धार्मिक महत्व भी है, और इसे भगवान ब्रह्मा के साथ जोड़ा जाता है।

### बागवानी प्रेमी राजहरा माइंस में कार्यरत दिलीप क्षीरसागर की साधना रंग लायी

#### ब्रह्म कमल कहां पाए जाते हैं?

ब्रह्म कमल हिमालय की ऊंची चोटियों पर पाया जाता है, जिनमें भारत, नेपाल, भूटान और तिब्बत शामिल हैं। यह फूल आमतौर पर 3000 से 5000 मीटर की ऊंचाई पर पाया जाता है, जहां का मौसम ठंडा और आर्द्र होता है। ब्रह्म कमल को भगवान ब्रह्मा का रूप माना जाता है, जो हिंदू धर्म में सृष्टि के रचयिता माने जाते हैं।



#### दर्शन कर पूजा करने पहुंच रहे लोग

दुर्लभ प्रजाति ब्रह्म कमल के बारे में पता लगते ही लोग दर्शन पाने और पूजा करने के लिए पहुँच रहे हैं। यह फूल अपनी सुंदरता और धार्मिक महत्व के कारण लोगों को आकर्षित कर रहा है। लोग इसे भगवान ब्रह्मा का प्रतीक मानते हैं और इसकी पूजा करके आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। ब्रह्म कमल एक दुर्लभ और आकर्षक फूल है, जो हिमालय की ऊंची चोटियों पर पाया जाता है। यह फूल अपनी सुंदरता और विशिष्टता के लिए जाना जाता है। ब्रह्म कमल को आमतौर पर रात में खिलने वाला फूल माना जाता है, और इसका खिलना एक दुर्लभ और अद्भुत अनुभव होता है।

### कांजीहाउस बनाने, मवेशी पालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग

# सड़कों पर मवेशियों का कब्ज़ा, प्रशासन की अनदेखी से रोज हो रही हैं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर की सड़कों और चौक चौराहों पर मवेशियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। दिन हो या रात, मुख्य मार्गों से लेकर भीड़भाड़ वाले चौराहों तक मवेशियों का बेधड़क विचरण आम बात हो गई है। इससे आए दिन राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, वहीं वाहन चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक मवेशी गुप्ता चौक, बस स्टैंड, जैन भवन चौक, शिव मंदिर मार्ग जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर जमे रहते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम और अनियंत्रित वाहन दुर्घटनाओं की वजह बन रहे हैं। विडंबना यह है कि नगर पालिका और प्रशासन इस गंभीर समस्या से आंखें मूंदे बैठा है।

दल्लीराजहरा के स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार शिकायतों के बाद भी न तो मवेशियों को हटाया गया और न ही इनके मालिकों पर कोई कार्रवाई की गई। /"प्रशासन की निष्क्रियता की कीमत आम



file pic



जनता को दुर्घटनाओं के रूप में चुकानी पड़ रही है,/" एक दुकानदार ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि स्वच्छता और स्मार्ट सिटी जैसे दावे करने वाला तंत्र सड़कों पर पसरी अव्यवस्था और मवेशियों की बेतरतीब मौजूदगी से पूरी तरह बेनकाब हो गया है। यह स्थिति न केवल यातायात को बाधित कर रही है, बल्कि स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों के लिए खतरा बना रहता है।

अब देखना यह है कि नगरपालिका और नगर प्रशासन कब जागता है और इन मवेशियों के मुक्त विचरण पर अंकुश लगाने कोई ठोस कार्ययोजना बनाता है या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही हरकत में आएगा। शहर के लोगों की सम्बंधित मांगें हैं मवेशी मालिकों पर जुर्माना और कार्रवाई,शहर में कांजी हाउस की व्यवस्था,मवेशियों की धरपकड़ और सड़कों से हटाने की नियमित मुहिम,नगर पालिका की जवाबदेही तय की जाए। जब तक प्रशासन नहीं जागता, तब तक दल्लीराजहरा की सड़कें मवेशियों के हवाले ही रहेंगी।

# फुटू के स्वाद का गजब आकर्षण, दाम की परवाह नहीं

हरिभूमि न्यूज. दल्लीराजहरा



■ ग्रामीण अंचल के मशरूम की मांग बढ़ी, 200 से 400 रुपए किलो बिक रहा

दल्लीराजहरा शहर व आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों 'फूटू' मशरूम की मांग तेजी से बढ़ गई है। खासकर जुलाई के बारिश के मौसम में फूटू की लोकप्रियता चरम पर है। यही कारण है कि अब ग्रामीण अंचलों से बड़ी मात्रा में फूटू मशरूम दल्लीराजहरा शहर के बाजारों में पहुँचने लगी है। फूटू मशरूम (जिसे स्थानीय बोली में 'फूटू' कहा जाता है) एक प्राकृतिक और पारंपरिक वन उपज है, जो मुख्यतः बारिश के शुरुआती दिनों में जंगलों और नम मिट्टी में अपने आप उगती है। इसका स्वाद लाजवाब होने के साथ-साथ यह सेहत के लिए भी बेहद लाभकारी मानी जाती है। यही वजह है कि शहरी क्षेत्र में लोग इसे खास व्यंजन के रूप में पसंद कर रहे हैं।

ग्रामीण महिलाएं और बच्चे बारिश के दिनों में जंगलों से फूटू एकत्र कर ला रहे हैं और बाजार में बेच रहे हैं। इससे उन्हें अच्छा आर्थिक लाभ भी मिल रहा है। एक किलो फूटू की कीमत 200 से 400 तक पहुँच रही है, जिससे ग्रामीणों की आय में इज़ाफा हो रहा है। दल्लीराजहरा के स्थानीय विक्रेता बताते हैं कि जैसे ही फूटू बाजार में आता है, वैसे ही हाथों-हाथ बिक जाता है। कुछ होटल और रेस्टोरेंट्स भी इस मशरूम को खास डिश के रूप में ग्राहकों को परोस रहे हैं। जहां एक ओर फूटू मशरूम स्थानीय लोगों की थाली में स्वाद का तड़का लगा रहा है, वहीं दूसरी ओर यह ग्रामीण अंचलों के लोगों के लिए अतिरिक्त आमदनी का जरिया भी बनता जा रहा है। प्रकृति की यह देन अब लोगों की जिंदगी को संवारने में मददगार साबित हो रही है,प्रशासन व वन विभाग यदि ग्रामीणों को प्रशिक्षण व बाजार सुविधा उपलब्ध कराए, तो फूटू जैसी पारंपरिक वन उपज से स्थायी रोजगार का द्वार भी खोला जा सकता है।

# संतृप्ति शिविर में 10 को आयुष्मान कार्ड 17 को आय और जाति प्रमाण पत्र मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रें में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढाँचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न ग्रामों में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत आज जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कोचवाही एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भरएॅटोला 36 में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर ग्रामीणों एवं हितग्राहियों के लिए सौगातों भरा रहा। आज आयोजित शिविर में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को नया आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, आय, जाति एवं किसान सम्मान निधि योजना आदि की सौगात मिलने के अलावा इन वर्गों के हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। उल्लेखनीय है कि गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कोचवाही में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 10 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड, 17 हितग्राहियों का आय एवं जाति प्रमाण पत्र से लाभान्वित किया गया। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भरएॅटोला 36 में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 38 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड योजना से लाभान्वित किया गया। आज आयोजित शिविर में पहुँचे लोगों का सिकलिन टेस्ट करने के अलावा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा गुरूर एवं डौण्डी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजन हेतु जारी की गई तिथि के अनुसार 15 जुलाई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बड़भूम एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम मंगलतराई में शिविर का आयोजन किया गया है।

## विधानसभा पहुंचे जैन समाज के प्रतिनिधि मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**दल्लीराजहरा।** विधानसभा परिसर में सोमवार को जिले से पहुंचे जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने समाज द्वारा मानव सेवा और सामाजिक उत्थान के लिए चलाए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। प्रतिनिधियों ने विधानसभा भवन का भ्रमण किया और सदन की कार्यवाही को नजदीक से देखा। उन्होंने इसे बेहद प्रेरणादायक अनुभव बताया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देखना उनके लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने जैन समाज की सेवाभावी गतिविधियों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के प्रयास प्रदेश के समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने प्रतिनिधियों को समाजसेवा के कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी।

# मंदिर प्रांगण में दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुई बाल संस्कार कक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



नगर के मरार पारा स्थित मोखाला मांझी में पुनः एक बार फिर से प्रत्येक रविवार को सुबह 10 बजे से मंदिर प्रांगण में विश्व हिन्दू परिशद् जिला बाल संस्कार केंद्र प्रमुख समाज सेविका पूजा जैन के द्वारा बच्चों के साथ दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती वेद माता गायत्री का आवाहन कर बाल संस्कार कक्षा का शुभ आरंभ किया गया। नगर की पूजा जैन ने ग्रीष्म कालीन अवकाश के समय पर भी अपने निवास स्थान पर बाल संस्कार केंद्र की क्लास लगाई थी, जिसका लाभ पुलिस कॉलोनी और सदर रोड निवासरत बच्चों को प्राप्त हुआ था, उनके द्वारा लगातार बच्चों को सनातन, धार्मिक, नैतिक, संस्कारिक शिक्षा देने की दिशा में प्रयास जारी है ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो देश की नींव मजबूत हो। उन्होने कहा बच्चो को छोटी उम्र में मोबाइल की दुनिया में डूबते जा रहे है जिसकी गहरी लत बच्चों को लगने लगी है, आज बच्चों को भारतीय संस्कृति से भारतीय पर्वों की मन्याताओं से अवगत कराना अत्यंत आवश्यक हो गया है, पालक गण अपने बच्चों को बड़ी ही उत्सुकता से कक्षा के लिए भेजते है, बच्चों को प्रथम दिन संकल्प दिलाया गया कि प्रतिदिन संध्या काल के समय अपने अपने घर के पास के मंदिर प्रांगण में दीप प्रज्वलन करेंगे। राम मंत्र का जाप करेंगे, बच्चों को क्लास में पेन, पेंसिल, रबर का वितरण किया गया।

उन्होने बताया बाल संस्कार केंद्र की कक्षा को लगाने में मोखाला मांझी मंदिर समिति की गंगा मैया मानस मंडली की मातृ शक्तियों मे बाल मंदिर की अध्यापिका रानी योगी और समाज सेविका प्रेमलता मुदड़ा का भरपूर सहयोग प्राप्त होता है, वहीं इस अवसर पर सोनकली पटेल, चमेली, कलिन, रानी योगी, सरोज, प्रेमलता शामिल हुए।

## पुलगांव में नवपदस्थ थाना प्रभारी का किया स्वागत

**अंडा।** ग्राम विकास समिति एवं लोक महोत्सव समिति पुलगांव के पदाधिकारी द्वारा थाना प्रभारी प्रकाशकांत का शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत दुबे ने कहा कि जैसे जैसे पुलगांव क्षेत्र की विस्तार हो रहा आपराधिक गतिविधियां भी बढ़ रही है। दूर अंचल से पढ़ने आये बच्चे नशे की गिरफ्त आते जा रहे है। थाना प्रभारी ने अपराधी एवं अपराध में सहयोग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति एवं सदभाव स्थापित करने की बात कही। उक्त अवसर पर रज्जु दुबे, पूर्व पार्षद मोती साहू, दिनेश यादव गोकुल साहू, संजू साहू, चिन्तु यादव मनोहर यादव, विनोद साहू एवम वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## कांवड़ यात्रा का आयोजन 20 को आचार्य युवराज होंगे शामिल

**अंडा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश ग्रामीण अंचल का विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन 20 जुलाई रविवार को होगा। आयोजन समिति के विनय साहू, कमल किशोर साहू और संजय साहू, शिखर, नवीन राजपूत, हरीश, गविन्द्र नाथ, लेमन साहू ने बताया कि आचार्य पंडित युवराज पांडे सहित हजारों महिलाएं हजारों की संख्या में शिव भक्त कावड़ यात्रा में शामिल होंगे। कावड़ यात्रा तीन रास्तों से होकर कमरौद पहुंचेगी। ग्राम मटिया अर्जुंदा टिकरी होते हुए कमरौद खुटेरी से कोडेवा धनगांव, चौरेल से कुरदी कमरौद और मटिया टीकरी, परसतराई, परना, डूंडेरा, कुरदी, कोंगनी से कमरौद तक बोल बम के जयकारे के गूंज के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर महामृत्युंजय जाप और महाभोग संगीत महाउत्सव होगा। कावड़ यात्रा आयोजन समिति के विनय कुमार, कमल किशोर, संजय साहू, शिखर, नवीन राजपूत, हरीश साहू, गाविन्द साहू, लवन साहू, वामन दानेश्वर साहू ने बताया कि यह यात्रा लगभग 17 किलोमीटर का होगा इस दौरान भगवान भोलेनाथ के भजन के साथ आचार्य पंडित युवराज पांडे की यात्रा और शिव भगवान पर आधारित चलित झाकियां व आकर्षक डीजे ढोलतासा से आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके साथ ही कावड़ यात्रियों पर गांव-गांव में फूलों का वर्षा की जाएगी। कावड़ यात्रा में सुप्रसिद्ध भजन का भी आयोजन किया जाएगा।






तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

